## बागेश्वर धाम में 'पर्ची वाले' बने पीएम मोदी

**छतरपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी ने बागेश्वर धाम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात की. इस के बाद पीएम मोदी ने धीरेंद्र शास्त्री की मां से भी मिलने की इच्छा जताई. पीएम मोदी ने धीरेंद्र शास्त्री की मां से मुलाकात की. मुलाकात के दौरान पीएम ने हंसी मजाक करते हुए धीरेंद्र शास्त्री की मां से हंसी मजाक करते हुए कहा कि आपके मन में क्या रहा है, उसकी पर्ची मेरे पास है. बेटे की शादी करवाना चाहती हैं. बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री खुद कई मौकों पर इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि उनकी मां को उनकी शादी की चिंता रहती है. उन्होंने कहा भी था कि मेरी मां शादी को लेकर 3 साल से परेशान हैं. मंच से संबोधित करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी आप हमारी बारात में भले नहीं आएं, लेकिन अस्पताल के उद्घाटन पर जरूर आएं. धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि पीएम मोदी जी का संदेश हमें मिला कि वो हमारी माता जी से मिलना चाहते हैं. वो हमारी माता जी के लिए शॉल लेकर आए. प्रधानमंत्री मोदी का ये भाव देखकर धीरेंद्र शास्त्री ने मंच से ही ऐलान किया बागेश्वर अस्पताल में प्रधानंत्री मोदी की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाए. आखिर में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आप हमेशा स्वस्थ रहें और सत्ता में बने रहें ताकि भारत विकास करता रहें।

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 220 | इंदौर, सोमवार 24 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 'बच्चों की परीक्षा के कारण देरी से पहुंचा', जीआईएस में बोले प्रधानमंत्री

## अदाणी ग्रुप एमपी में 2.10 लाख करोड़ निवेश करेगा





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत हो गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 10वीं-12वीं की परीक्षा के कारण यहां आने में देरी हुई, इसके लिए क्षमा चाहता हूं। बच्चों की असुविधा को देखते हुए मैंने अपना कार्यक्रम बदला। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में चाहे सामान्य जन हों चाहे नीतिगत जानकार हों। देश हों या फिर संस्थान हों। सभी को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। पिछले कुछ हफ्तों में जो कमेंट आए हैं वो भारत के हर निवेशक का उत्साह बढ़ाने वाले हैं। विश्व बैंक ने कहा है भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोविंग इकॉनॉमी बना रहेगा।

### ◆पीएम मोदी के भाषण की प्रमुख बातें

1. मध्य प्रदेश आज देश की ईवी क्रांति के लीडिंग स्टेट में से एक है। जनवरी 2025 तक करीब दो लाख ईवी एमपी में रजिस्टर्ड हुए।
2. एमपी आज मैन्युफैक्चरिंग के नए सेक्टर्स के लिए भी शानदार डेस्टिनेशन बनता जा रहा है।
3. विश्व बैंक ने कहा है भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकॉनॉमी बना रहेगा।
4. यूएन की एक संस्था ने भारत को सोलर पावर की सुपर पावर कहा था। यह भी कहा कि जहां कई देश सिर्फ बातें करते हैं, वहीं भारत नतीजे लाकर दिखाता है।
5. एक रिपोर्ट में बताया है कि ग्लोबल एयरो स्पेस बम्स के लिए कैसे भारत एक बेहतरीन सप्लाई चेन के रूप में उभर रहा है

इससे पहले सीएम मोहन यादव ने उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर भगवान महाकाल की तस्वीर भेंट की। पीएम नरेंद्र मोदी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित समिट में देसी-विदेशी डेलीगेट्स और उद्योगपतियों के साथ मौजूद हैं।

पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 18 से अधिक नई नीतियां भी लॉन्च कीं। कार्यक्रम में प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओंजपर केंद्रित लघु फिल्म 'मध्य प्रदेश-अनंत संभावनाएं' का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत पर केंद्रित लघु फिल्म 'इंडिया ग्रोथ स्टोरी' का भी प्रदर्शन भी किया गया।

इस मौके पर वीडियो मैसेज में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने माइनिंग, स्मार्ट व्हीकल, थर्मल एनर्जी सेक्टर में एक लाख 10 हजार करोड़ निवेश का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इससे सन 2030 तक 1 लाख 20 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आज पीएम मोदी ने शुभारंभ किया। ये जो 24-25 फरवरी तक चलेगी। समिट में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीएम मोहन यादव ने स्वागत किया। उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर भगवान महाकाल की तस्वीर भेंट की।

## सीएम बोले- हमारा लक्ष्य देश को विकसित भारत बनाना



भोपाल देश की स्वच्छतम राजधानी है। जीआईएस भोपाल की पुरानी छवि को भी बदलेगा। भोपाल के इतिहास में गैस त्रासदी दिखाई देती है। संभावनाओं के अनंत आकाश में आशाओं की ज्योत जलाते हैं तो सभी के आंगर रोशन होते हैं। यही हमारी विरासत भी है। हमारा लक्ष्य देश को विकसित भारत बनाना है। इसके लिए विकसित मध्यप्रदेश बहुत जरूरी है। आगामी पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। हमने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की है। ये उज्जैन, जबलपुर शहडोल ग्वालियर आदि शहरों में हुई है।

### एमपी में जल, जमीन समेत उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण

देश के बड़े शहरों में भी रोड शो भी किए गए हैं। विश्व के बड़े देशों में भी हमने मध्यप्रदेश की खासियत को बताया। एमपी में निवेश के बारे में जानकारी दी है। हम 18 नई नीतियां लेकर आएं हैं, जिनका लोकार्पण पीएम मोदी के हाथों होने जा रहा है। इन नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनविश्वास अधिनियम भी पारित किया गया है। एमपी ने 2025-26 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। हम अलग-अलग तरह की योजनाओं पर काम कर रहे हैं। एमपी में जल, जमीन समेत उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण है।

### हमारे लिए सभी तरह के निवेशक अतिथि

आने वाले समय में सेमीकंडक्टर, पार्क भी बनाए जा रहे हैं। यहां पर पर्यटन की भी असीम संभावनाएं हैं। कई पर्यटक स्थल विकसित किए जा रहे हैं। वन्य जीव पार्क भी पर्यटन को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे लिए सभी तरह के निवेशक अतिथि है। हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहे हैं। एमपी में चार मिशन शुरू किए गए हैं। इसमें सभी विभागों के बीच तालमेल बनाने के लिए काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने विश्व के सबसे बड़े नदी जोड़ो अभियान की शुरुआत की है। इससे बुंदेलखंड समेत सभी जगह पानी की उपलब्धता होगी।

# इंग्लैंड की महापौर ने सफाई व्यवस्था, कचरा कलेक्शन सहित सफाई मॉडल को समझा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में सात बार नंबर वन इंदौर में रविवार को गेरार्ड क्रॉस टाऊन काउंसिल (बकिंघमशायर, इंग्लैंड) की महापौर प्रेरणा भारद्वाज आई। उन्होंने यहां इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रेरणा भारद्वाज को इंदौर का सफाई मॉडल बताया।**



देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर द्वारा किए जा रहे स्वच्छता नवाचारों का विस्तृत अध्ययन करने के लिए प्रेरणा इंदौर आई। विधानसभा 5 के वार्ड 37 के क्लासिक पूर्णिमा पार्क कॉलोनी में निरीक्षण में महापौर प्रेरणा भारद्वाज ने कहा कि हमारे शहर में सात दिन में एक बार कचरा कलेक्शन किया जाता है, लेकिन इंदौर में एक दिन में दो बार कचरा कलेक्शन किया जाता है, यह बड़ी बात है। इतने बड़े शहर को स्वच्छ रखने में जो जनभागीदारी है वो तारीफ के काबिल है। निरीक्षण के दौरान महापौर प्रेरणा भारद्वाज ने स्थानीय रहवासियों से चर्चा की। महापौर भार्गव ने निरीक्षण के दौरान बताया कि किस तरह से नगर निगम का पूरा अमला काम करता है और कैसे जनता की भागीदारी, जनप्रतिनिधियों की सक्रियता, निगम अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत से इंदौर लगातार सात बार नंबर वन रहा है। इंग्लैंड की महापौर ने सफाई व्यवस्था, डो टू डोर कचरा कलेक्शन, जीटीएस स्टेशन की कार्यप्रणाली को समझा। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी अश्विन शुक्ल, आईटी प्रभारी राजेश उदावत सहित नगर निगम के आला अधिकारी भी शामिल रहें।

## इंदौर में बनेगा देवी अहिल्याबाई होलकर का भव्य स्मारक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के पुराने आरटीओ भवन की भूमि पर पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर का भव्य स्मारक बनने जा रहा है। स्मारक का भूमि पूजन 24 फरवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा।**

स्मारक प्रतिष्ठान की अध्यक्ष और पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने बताया कि प्रथम चरण में 40 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई है। स्मारक को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। इसमें 3डी प्रोजेक्शन, लाइट-साउंड शो और प्राकृतिक चित्रों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई के जीवन को प्रदर्शित किया जाएगा। स्मारक ट्रस्ट के मानद सचिव अशोक डागा के अनुसार, भूमि पूजन में स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज, संत अण्णा महाराज, संत दादू महाराज भी उपस्थित रहेंगे। स्मारक प्रतिष्ठान के ट्रस्टियों में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, उद्योगपति विनोद अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। स्मारक का डिजाइन और वास्तुशिल्प का काम हिमांशु दुधवढ़कर और श्रेया भार्गव को सौंपा गया है। यह स्मारक देवी अहिल्याबाई की न्यायप्रियता, कुशल प्रशासन और भक्ति को प्रदर्शित करेगा। कार्यकारिणी में पर्यावरणविद् भालू मोंढे, वास्तुविद अचल चौधरी और समाजसेवी राजेश अग्रवाल को भी शामिल किया गया है।

# हॉस्टल पहुंचे एमजीएम मेडिकल कॉलेज डीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रविवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया बॉयज होस्टलों देखने पहुंचे। यहां की व्यवस्था देख वे नाखुश नजर आए। होस्टल में गंदगी देखी तो उन्होंने स्टूडेंट्स को साफ-सफाई का भी ध्यान रखने को भी कहा। होस्टलों में रहने वाले स्टूडेंट्स से बातचीत कर परेशानियों को जाना। साथ ही उनसे कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने स्टूडेंट्स को कहा कि होस्टल में साफ-सफाई पर भी ध्यान दें। सिगरेट, शराब और नॉन वेज नहीं खाने के लिए प्रेरित किया। स्टूडेंट्स से चर्चा के बाद उनके साथ ही हॉस्टल की मेस देखने पहुंच गए। यहां पर उन्हें कुछ अव्यवस्था नजर आई तो उन्होंने हॉस्टल की मेस के संचालकों से भोजन बनाने में साफ-सफाई बरतने के निर्देश दिए। हॉस्टल मेस में खाना कैसा बनता है। स्टूडेंट्स को कैसा खाना दिया जा रहा है। इसके लिए डीन डॉ.घनघोरिया ने खुद मेस का खाना खाकर उसकी गुणवत्ता को जाना। उन्होंने हॉस्टल के वार्डनों को कहा कि वे मेस में हफ्ते में दो बार



खुद खाना खाकर गुणवत्ता चेक करें। हॉस्टल के बेक लेन में गंदगी नजर आने पर उन्होंने संबंधित कंपनी के सुपरवाइजर को साफ-सफाई के निर्देश दिए।

## टैक्नोलाजी पर आधारित कार्यक्रम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जैन सोशल ग्रुप नवकार की मंथली मीटिंग बड़े हीं रोमांचक और अनुठे अंदाज में टेक्नो इवेंट थीम से संपन्न हुई। संयोजक मुकेश-संगीता भंडारी, सुशील मंजुषा मेहता, नीलम-पीयुष सिंगी, नीरज शालिनी कटारिया सुमित नमिता बोहरा और मनीष सीमा जैन ने बतलाया कि पूरा इवेंट टैक्नोलॉजी पर आधारित था जिसमें एक टीम से आधे लोग गाड़ियों में और शेष आधे ग्राउंड से आपस में कारडिनेशन बेठाकर, गजेंट्स, एप्स आदि की सहायता से ट्रेजर हंट का अत्याधुनिक स्वरूप खेल रहे थे। अध्यक्ष अजय रेखा जैनू एवं सचिव, आशीष अनुभा जैन एवं हरेश एकता शाह ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ सभी टीम्स ने मार्चपास्ट एवं राष्ट्र गान जन गण मन कर, इंदौर में पहली बार होने वाले इस टेक्नो इवेंट की रोमांचक शुरूआत हुई। ग्राउंड टीम ने क्लू साल्व किया और दूसरी टीम ने इंदौर की महत्वपूर्ण जगहो पर जाकर हैरीटेज सैल्फी लेना थी।

## होम्योपैथी डॉक्टर को धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इदौर।** तुकोगंज इलाके में एक होम्योपैथी डॉक्टर अर्पित कुमार चोपड़ा को आरोपी विजय पुत्र श्याम बिहारी कौशिक द्वारा धमकी दी गई है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। डॉक्टर और आरोपी के बीच पहले से विवाद जारी था, जिसकी एफआईआर तुकोगंज थाने में पहले ही दर्ज है। पुलिस के अनुसार, डॉक्टर अर्पित, जो आरोग्य सुपर स्पेशियलिटी मार्डन होम्योपैथिक क्लिनिक के संचालक हैं और कृष्णा टावर जंजीर वाले चौराहे के निवासी हैं, ने अपने परिचित हेमंत विधार्थी के साथ 19 फरवरी को विजय कौशिक के खिलाफ पहले दर्ज किए गए आवेदन के संबंध में थाने का दौरा किया। उसी रात करीब 8 बजे, विजय कौशिक थाने पहुंच गए।

## महाशिवरात्रि पर बाणगंगा में तीन दिवसीय महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में इस वर्ष महाशिवरात्रि पर बाणेश्वरी कुंड पर विशेष आयोजन होने जा रहा है। संस्था नमो नवगृह शनि एवं सत्यमेव जयते की मेजबानी में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।**



कार्यक्रम की शुरुआत बाणेश्वर महादेव के अभिषेक और पूजन से होगी। इसके बाद हल्दी-मेहंदी लगाने की रस्म होगी। भजन कीर्तन के साथ अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा। महोत्सव की विशेष आकर्षण भव्य शोभायात्रा होगी, जिसमें 10 हजार महिलाएं मंगल कलश लेकर चलेंगी। आयोजन में 100 बस्तियों से महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल होंगे। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही सुहाग और परिवार की रक्षा के लिए संकल्प पत्र भी भरवाए जा रहे हैं। कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने की जिम्मेदारी युवाओं और महिलाओं को सौंपी गई है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्था नमो नवगृह शनि एवं सत्यमेव जयते संरक्षक केके यादव ने बताया कि बाणगंगा क्षेत्र में 19 वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। इस वर्ष समिति का यह 20 वा वर्ष है। बाणगंगा क्षेत्र की जनता को सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर इस वर्ष तीन दिवसीय महोत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष की यात्रा पार्षद शिवम यादव के नेतृत्व में निकलेगी।

# खुदाई के दौरान साढ़े पांच फीट लंबा जहरीला कोबरा घायल हो गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में खुदाई के दौरान एक बड़ा हादसा सामने आया, जब साढ़े पांच फीट लंबा जहरीला कोबरा घायल हो गया। खुदाई के दौरान मिट्टी में फंसे इस सांप को बड़ी मशक्कत के बाद सर्पमित्र ने बाहर निकाला। जब उसे ध्यान से देखा गया, तो पता चला कि वह अपनी पूंछ के पास से घायल था। तुरंत डॉक्टर से संपर्क किया गया और उसकी हालत बताई गई, जिसके बाद डॉक्टर ने उसे क्रीम लगाने और इंजेक्शन देने की सलाह दी।**



घायल होने के कारण कोबरा आक्रामक हो गया और कई बार हमला करने की कोशिश करने लगा। फिलहाल, सर्पमित्र उसे अपने पास रखकर पूरी देखभाल और इलाज कर रहे हैं। यह घटना उस समय हुई जब इंडस्ट्रियल एरिया की एक कंपनी में खुदाई का काम किया जा रहा था। वहां जेसीबी से जमीन खोदी जा रही थी, तभी खुदाई के दौरान मजदूरों ने मिट्टी में फंसे एक बड़े सांप को देखा। वह न तो आगे बढ़ पा रहा था और न ही पीछे हट पा रहा था, जिससे वहां काम कर रहे लोग डर गए। देखते ही देखते वहां भीड़ इकट्ठा हो गई, सभी लोग सांप को देखने के लिए जमा हो गए। इस बीच, कुछ लोगों ने सर्पमित्र को बुलाने की सलाह दी और तुरंत महेंद्र श्रीवास्तव को फोन कर पूरी जानकारी दी गई। जब महेंद्र मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि सांप मिट्टी और पत्थरों के बीच बुरी तरह फंसा हुआ था और उसकी हालत चिंताजनक थी। महेंद्र ने बताया कि जब उन्होंने कोबरा को पहली बार देखा, तो वह मिट्टी और पत्थरों के बीच फंसा हुआ था, जिससे अंदाजा लगाया गया कि जेसीबी की खुदाई के दौरान वह घायल हो गया होगा। उसे बाहर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन जैसे ही उसे छूने की कोशिश की गई, उसने बचाव में हमला करने की कोशिश की। उसकी हालत देखकर साफ पता चल रहा था कि वह दर्द में था और बुरी तरह से घायल हो गया था।

सांप को निकालने के लिए महेंद्र ने एक व्यक्ति से गमछा लिया और उससे उसे पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान कोबरा खुद को बचाने के लिए लगातार बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मिट्टी और पत्थरों में फंसे होने के कारण वह हिलने-डुलने में असमर्थ था। महेंद्र ने किसी तरह उसका मुंह पकड़ा और पत्थर-मिट्टी हटाकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकालने के बाद देखा गया कि उसकी त्वचा पर कई चोटें और घाव थे, खासकर उसकी पूंछ के पास गहरा जख्म था। इसके बाद उसे तुरंत पानी से साफ किया गया ताकि घाव की गंभीरता को समझा जा सके। कोबरा के बाहर आते ही लोगों में हलचल मच गई, क्योंकि इतने बड़े सांप को देखकर लोग दंग रह गए। किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि यह सांप करीब साढ़े पांच फीट लंबा है। बाहर निकालने के बाद उसे पानी से धोकर एक बाल्टी में रखा गया ताकि उसकी त्वचा साफ हो सके और उसे कुछ राहत मिले। जब उसकी हालत को ध्यान से देखा गया, तो वहां मौजूद लोगों ने सर्पमित्र से उसका इलाज कराने का आग्रह किया, ताकि वह जल्दी ठीक हो सके।

# गायक कपिल गोस्वामी को जान से मारने की धमकी मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाले गायक कपिल गोस्वामी को जान से मारने की धमकी मिली है। बताया गया है कि कपिल और आरोपी विशाल तंवर के बीच पहले विवाद होने पर कपिल ने थाने में प्रकरण दर्ज कराया था, जिसके चलते विशाल तंवर को जेल में भेजा गया था। जेल से रिहा होने के बाद विशाल तंवर ने कपिल को धमकियां दीं, जिसके आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ एक अतिरिक्त मामला दर्ज कर लिया है।**

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, सिल्वर पैलेस निवासी कपिल गोस्वामी की शिकायत पर विशाल तंवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कपिल ने बताया कि वह एक गायक हैं। 19 फरवरी की रात, कपिल अपने कमरे में थे, तभी उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया। संदेश में लिखा थाः 'मैं विशाल बोल रहा हूँ। चार दिन जेल में रखकर तुमने क्या कर लिया? अब बाहर आया हूं, तेरी 302 कर दूंगा।' कुछ देर बाद, वॉट्सऐप कॉल आई, जिसमें विशाल तंवर ने फिर से धमकी देते हुए कहा कि 'पैसे वापस कर दे।' जब कपिल ने पूछा कि किस प्रकार के पैसे की बात हो रही है, तो विशाल तंवर गुस्से में फोन काटकर उन्हें ब्लॉक कर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी जान से मारने की धमकी देने वाले मैसेज भेजे। यह मामला पहले भी दर्ज किया जा चुका है और बाद में कपिल ने अपने पिता, कमल गोस्वामी, को भी जानकारी दी थी।

# डीआरपी लाइन में पदस्थ आरक्षक का शव पेड़ से लटका मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** डीआरपी लाइन में पदस्थ एक आरक्षक का शव रविवार को पेड़ पर फंदे से लटका मिला। वह शनिवार से लापता था। पुलिसकर्मियों ने उसकी गुमशुदगी को लेकर कई ग्रुपों में पोस्ट भी वायरल की थी। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम अनुज जाट है, जो पुलिस लाइन के शासकीय क्वार्टर में रहता था। वह शनिवार दोपहर से लापता था और अपनी बाइक से निकला था। इसके बाद से ही परिवार और दोस्त उसकी तलाश कर रहे थे। अनुज डीआरपी लाइन की एमटी शाखा में पदस्थ थे और 2016 से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे थे। उनके परिवार में तीन बच्चे हैं। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच कर रही है। अनुज शनिवार दोपहर पत्नी को 10 मिनट में एमटी शाखा से आने का कहकर निकला था। इसके बाद घर नही पहुंचा। इसके बाद उसका मोबाइल भी बंद मिला। मामले में अफसरों को भी जानकारी दी गई। परिवार के मुताबिक वह डिप्रेशन में थे। काफी समय से उनका उपचार चल रहा था। परिवार में छोटा भाई और परिवार आगरा में रहता है। यहां पत्नी और बच्चो के साथ वह रह रहा था। अनुज के चाचा का बेटा भी पुलिस विभाग में है।

# पीथमपुर हल्का पटवारी को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**महू। इंदौर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शनिवार को पीथमपुर हल्का पटवारी को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। देवेंद्र नरवरिया ने ईओडब्ल्यू इंदौर में 21 फरवरी को शिकायत की थी। बंटवारे के प्रकरण के लिए 3 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।**



शिकायत में आवेदक ने बताया था कि उसकी माता व मामा की भूमि पीथमपुर में है। इसके बंटवारे का प्रकरण तहसीलदार कार्यालय पीथमपुर में लंबित है। इस प्रकरण में स्थल निरीक्षण रिपोर्ट देने के लिए वहां पदस्थ हल्का पटवारी प्रशांत त्रिपाठी द्वारा तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने आरोपित पीथमपुर पटवारी प्रशांत त्रिपाठी के विरुद्ध कार्रवाई की रणनीति तैयार कर विशेष दल का गठन किया। सूचना में पुष्टिकारक साक्ष्य होने से ट्रैप टीम पीथमपुर पहुंचा। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपित एक लाख रुपये पूर्व में ले चुका है व एक लाख की किस्त शनिवार को लेने के लिए दबाव बना रहा है। टीम ने रणनीति के तहत रिश्वत की राशि आरोपित को देने के लिए उसके कार्यालय में भेजा गया। शिकायतकर्ता को पटवारी अपनी गाड़ी से हाउसिंग चौराहा, शिवाजी प्रतिमा के पास लेकर आया। इस दौरान रिश्वत की राशि ले ली। इसके बाद शिकायतकर्ता देवेंद्र ने टीम को संकेत दिया। इस पर टीम ने आरोपित को रिश्वत की राशि के साथ रंगेहाथ हिरासत में लिया। रिश्वत में अन्य किन-किन अधिकारियों की भूमिका है, इसकी भी जांच की जाएगी।

### अनुयायियों को भी नहीं थी खबर

# प्रवचन के वीडियो के बाद इंदौर छोड़ गया आसाराम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नाबालिग और महिला से रेप का आरोपी आसाराम शनिवार को इंदौर से रवाना हो गया। दोपहर में उसका काफिला खंडवा रोड स्थित लिंबोदी आश्रम से निकला, लेकिन उसके बारे में अनुयायियों को भी कोई जानकारी नहीं है।

बताया जा रहा है कि आसाराम के काफिले की गाड़ियां बेटमा टोल से गुजरते हुए देखी गईं। संभावना जताई जा रही है कि वह अहमदाबाद गया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है। क्राइम ब्रांच इंदौर के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शनिवार दोपहर को आसाराम का काफिला निकला है। उसके इंदौर से बाहर जाने की सूचना है। हालांकि, इस पूरे मामले में पुलिस को दूर रखा गया। राजस्थान हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 18 फरवरी की रात आसाराम इंदौर पहुंचा था। वह अपने उसी आश्रम में ठहरा, जहां से 12 साल पहले उसकी गिरफ्तारी हुई थी। मंगलवार रात आश्रम में ठहरने के बाद बुधवार को आसाराम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल



पहुंचा, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसका चेकअप किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अस्पताल स्टाफ को दूर रखा गया और मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं थी। कुछ लोगों ने चोरी-छिपे फोटो लेने की कोशिश की, लेकिन उन्हें डिलीट करवा दिया गया। आसाराम जमानत मिलने के बाद इंदौर पहुंचा था। यहां कोर्ट द्वारा दी गई जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर उसने प्रवचन किया। समर्थकों से मिला और खुलकर बातचीत की। जैसे ही खबर फैली कि आसाराम इंदौर में है, अनुयायी बड़ी संख्या में उसे देखने और मिलने के लिए आश्रम पहुंचने लगे। आसाराम का प्रवचन सुनने के लिए शुक्रवार को उसके आश्रम में एक हजार से ज्यादा लोग जुटे। उसका अनुयायियों से बातचीत करने का वीडियो भी सामने आया। शनिवार दोपहर वह अपने बाउंसरों और गाड़ियों के काफिले के साथ आश्रम छोड़कर रवाना हो गया। उसके जाने के बाद आश्रम के दरवाजे अनुयायियों के लिए खोल दिए गए। इससे पहले पालनपुर (गुजरात) आश्रम का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह सामूहिक रूप से भक्तों से मुलाकात करता नजर आया था।

### प्रधानमंत्री ने छतरपुर के गढ़ा में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी

# बागेश्वर धाम आस्था के केंद्र के साथ आरोग्य का केंद्र बनता जा रहा है : प्रधानमंत्री श्री मोदी

## अब अस्पतालों में मंदिर नहीं बल्कि मंदिरों में अस्पताल बन रहे हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोगों को किफ़ायती और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। लोगों को इलाज के ख़र्चे से निजात दिलाना हमारी ज़िम्मेदारी है। समाज के हर वर्ग के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिये सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह बात प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छतरपुर ज़िले के गढ़ा में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट के शिला पूजन समारोह में कही।**

शिला पूजन समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, संत श्री रामभद्राचार्य, पीठाधीश्वर बागेश्वर धाम पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, राष्ट्रीय कथा व्यास साध्वी ऋतम्भरा दीदी, महंत श्री बालक योगेश्वर दास जी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत बुंदेलखंडी बोली में लोगों को मोरी तरफ से दोई हाथ जोड़ के राम राम कहकर की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले 60 दिनों में दूसरी बार वीरों की धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। बागेश्वर धाम आस्था का केंद्र तो है ही अब वह आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के प्रयासों से यहाँ कैंसर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री का यह कार्य पुनीत होकर अभिनंदनीय है। उन्होंने बुंदेलखंड के लोगों को इसके लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 30 वर्ष एवं उससे अधिक की आयु के युवाओं से अपने स्वास्थ्य की जाँच कराने का आव्हान किया और कहा कि ज़रा भी शंका हो तो स्वास्थ्य संस्थान जाकर अवश्य जाँच कराए। इस बीमारी का मुख्य कारण बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पान मसाले का सेवन है। इन घातक नशों से आपको और अन्य को दूर रखना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले देश में ग़रीब व्यक्ति बीमारी से ज्यादा इलाज में होने वाले ख़र्च से डरता था। उन्होंने गरीबों की इसी चिंता को दूर करने के लिये आयुष्मान भारत योजना प्रारंभ की। अब इस योजना में गरीबों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध हो रहा है। योजना में अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी दी जा रही है। योजना का लाभ प्रदान करने के लिये कोई पैसे मांगे तो मुझे चिट्ठी भेजकर बताएं।




### विश्वामित्र का भारत होगा विश्व मित्र की भूमिका में : पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि विश्वामित्र का भारत अब विश्व मित्र की भूमिका में है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की दशा और दिशा बदलने के साथ ही भारत ने चाँद पर तिरंगा फहराया है। कैंसर हॉस्पिटल की सौगात बुंदेलखंड के लिए सबसे बड़ा उपहार है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा की प्रधानमंत्री के आगमन से अद्भुत और अकल्पनीय पल आया है। वीरों, हीरों, संत और महंत की भूमि बुंदेलखंड को निश्चित ही हॉस्पिटल की सौगात से लाभ मिलेगा।

### मंदिर में कैंसर अस्पताल पूरे देश में नई मिसाल बनेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बागेश्वर धाम मंदिर में बनने वाला मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट पूरे देश में नई मिसाल बनेगा, जिसमें गरीब पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। आज का दिन बुंदेलखंड की धरती के लिए उत्साह और उमंग का दिन है। बुंदेलखंड की धरती में प्रधानमंत्री श्री मोदी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। बागेश्वर धाम को आज आमजन के साथ ही भगवान भी आशीर्वाद दे रहे हैं। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बागेश्वर धाम में मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट के पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान से पहले बुंदेलखंड को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज कैंसर अस्पताल के माध्यम से बुंदेलखंड को दूसरी बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। बुंदेलखंड में जहां सूखा पड़ता था, वहां पीएम श्री मोदी के आशीर्वाद से सुखी रहने का सुख मिला है। पानी के बंटवारे पर देश के विभिन्न राज्यों में चल रहा विवाद प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में खत्म हो चुका है आज हम देश की नदियों को जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी ने बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी को कैंसर अस्पताल के निर्माण की पहल के लिए बधाई दी।

## किराए के खातों से ठगी के रुपये निकालते युवक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** एडवायजरी के नाम पर ठगे गए रुपयों को किराए के खातों से निकालने का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने शहर के एटीएम से किराए के खातों में से रुपये निकालते हुए सीहोर जिले के निवासी युवक को पकड़ा है। युवक से एक लाख से ज्यादा रुपये और आठ अलग-अलग बैंक खातों के एटीएम भी जब्त किए हैं। आरोपित अलग-अलग शहरों में अलग-अलग लोगों के बैंक खातों के एटीएम से रुपये निकालता था। पुलिस ने पूछताछ के बाद एक अन्य को भी आरोपित बनाया है। खाते मध्यप्रदेश के दमोह, उत्तरप्रदेश के जालौन, कानपुर आदि शहरों के हैं। इनके एटीएम और पिन आरोपितों के पास रहते हैं। थाना औद्योगिक क्षेत्र टीआइ शशिकांत चौरसिया ने बताया कि 17 फरवरी को विकास नगर चौराहा पर एटीएम कार्ड धोखे से बदलकर रुपये निकालने की सूचना मिली थी। इसके बाद एक विशेष टीम को एटीएम के आसपास विशेष निगरानी रखने के लिए लगाया गया था। निगरानी के दौरान पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध लगा, जो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकल से भागने का प्रयास कर रहा था। टीम ने तुरंत संदिग्ध को पकड़ा और पूछताछ शुरू कर दी।

## बागेश्वर धाम से लौटते समय कार पलटी, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर. एजेंसी।** छतरपुर में रविवार सुबह बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार गाय को बचाने में पलट गई। हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कादरी में सुबह 6 बजे हुआ। कार में कुल 11 लोग सवार थे, जिसमें से हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। मृतक का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, शनिवार को कार में सवार होकर 11 लोग प्रयागराज महाकुंभ से बागेश्वर धाम आए थे। यहां दर्शन करने के बाद वह अलसुबह भोपाल की ओर निकले थे। इस दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कादरी में उनकी कार सामने अचानक एक गाय आ गई। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। घायलों को सागर मेडिकल कॉलेज और झांसी रेफर किया गया है।

# ट्रॉले में घुसी बोलेरो, 4 की मौत, 2 गंभीर

### डेढ़ साल की बच्ची को खरोंच भी नहीं आई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। खंडवा में एक बोलेरो ट्रॉले में घुस गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। दो की हालत गंभीर है। डेढ़ साल की बच्ची को खरोंच तक नहीं आई। हादसा शनिवार देर रात पुनासा-सनावद हाईवे पर हुआ। ट्रॉला ड्राइवर मौके से फरार हो गया।**

इधर, मऊगंज में रविवार सुबह 9 बजे एक कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, 2 गंभीर घायल हैं। कार सवार प्रयागराज कुंभ से महाराष्ट्र के महाबलेश्वर लौट रहे थे। खंडवा पुलिस के मुताबिक, सक्तापुर गांव की रहने वाली सुकन्या ने जहर खा लिया था। शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे परिजन उसे बोलेरो से सनावद अस्पताल के लिए रवाना हुए। सनावद और सुलगांव के बीच पेट्रोल पंप के पास बोलेरो सामने से आ रहे ट्रॉले में घुस गई। सुकन्या (23), उसका भाई पवन (25), जीजा धर्मेंद्र (32) और दोस्त बिट्टू चौहान (25) की मौके पर मौत हो गई। बड़ी बहन संगीता और दोस्त बिट्टू के भाई राजा की हालत गंभीर है। बोलेरो में संगीता की डेढ़ वर्षीय बेटी भी सवार थी, जो कि सकुशल है। ट्रॉला थर्मल प्लांट से राखड़ ले जाकर लौट रहा। बताया जा रहा है कि ट्रॉला काफी स्पीड में और रॉन्ग साइड से आ रहा था। देर रात सामने से आ रही बोलेरो ट्रॉले में टकरा गई। धनगांव पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक और घायलों को सनावद अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर घायलों को इंदौर रेफर कर दिया गया।



## कांग्रेस विधायकों के साथ महाकुंभ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष



**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कांग्रेस विधायकों के साथ प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। सिंघार के साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक सचिन यादव, पूर्व विधायक नीरज दीक्षित सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। प्रयागराज महाकुंभ में कांग्रेस के नेता अलग-अलग समूह में एक ही दिन पहुंचे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आज त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई तो वहीं पीसीसी चीफ जीतू पटवारी अलग मैहर होकर प्रयागराज पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने विधायक सचिन यादव के साथ नौका विहार किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने वीडियो संदेश में कहा- हम प्रयागराज में हैं मां गंगा सनातन और हिन्दूओं में पवित्र नदी मानी जाती है। यहां ऐसा कहते हैं कि महाकुंभ में जब स्नान करते हैं तो मोक्ष मिलता है और कई जन्मों के पुण्य प्राप्त होते हैं।

## तीसरी की बच्ची से स्कूल में रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में सरकारी स्कूल में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी बच्ची को पढ़ाने वाला टीचर है। उसने छात्रा को स्कूल की छुट्टी होने के बाद रोक लिया था। इसके बाद रेप की वारदात को अंजाम दिया। बच्ची रोते हुए घर पहुंची और माता-पिता को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और टीचर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इधर, जिला शिक्षा अधिकारी ने टीचर को सस्पेंड कर दिया है। घटना बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में 20 फरवरी (गुरुवार) की है। आरोपी टीचर का नाम घनश्याम ठाकुर है। वह 2 साल से स्कूल में प्राथमिक क्लास में बच्चों को पढ़ाता था। वह मूलतः नरसिंहपुर जिले की नयाखेड़ा ग्राम पंचायत का रहने वाला है।

## संपादकीय

# विरोध के बाद वापस लेना पड़ा एडवोकेट बिल

कानून मंत्रालय ने वकीलों के विरोध के बाद वकालत (संशोधन) विधेयक, 2025 का मसौदा वापस ले लिया है। यह विधेयक अदालतों के कामकाज में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव करता था। इसमें वकीलों के लाइसेंस रद्द करने का भी प्रावधान था। कई वकील संगठनों ने इस विधेयक का विरोध किया था। ड्राफ्ट बिल 13 फरवरी को मंत्रालय की वेबसाइट पर जन परामर्श के लिए उपलब्ध कराया गया था। मंत्रालय ने आगे कहा, 'हालांकि, प्राप्त सुझावों और चिंताओं को देखते हुए, अब परामर्श प्रक्रिया को खत्म करने का फैसला लिया गया है। लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर, संशोधित ड्राफ्ट बिल हितधारकों के साथ परामर्श के लिए नए सिरे से तैयार किया जाएगा।' इससे पहले, सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन सहित देश भर के विभिन्न बार एसोसिएशनों के साथ विचार-विमर्श किया था। सभी ने वकालत (संशोधन) बिल और विधि आयोग की 266वीं रिपोर्ट का विरोध किया था। इस रिपोर्ट में अदालत के काम में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई थी, जिसमें उन्हें प्रैक्टिस करने से रोकना भी शामिल था। विधि आयोग ने वकालत अधिनियम में संशोधन की सिफारिश की थी। इससे वकीलों को संबंधित बार काउंसिल की पूर्व स्वीकृति से मजबूर परिस्थितियों में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करने की अनुमति मिलती। इसमें वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही से निपटने के लिए एक प्रस्तावित वैधानिक निकाय में कानूनी पेशे से बाहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सदस्य के रूप में नियुक्त करने का भी सुझाव दिया गया था। कई बार काउंसिल ने आयोग (रिपोर्ट संख्या 266) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि प्रस्तावित विधेयक 'प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर गैर-कानूनी व्यक्तियों को वैधानिक निकाय में शामिल करने' की सिफारिश करता है। और उन्हें वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही से निपटने का अधिकार दिया जाएगा। यह चिंता का विषय था। कई वकीलों का मानना था कि यह विधेयक उनके अधिकारों का हनन है। वे अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल पर जाने की धमकी दे रहे थे। इस विधेयक के विरोध का एक मुख्य कारण यह भी था कि इसमें विदेशी लॉ फर्मों को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने का प्रस्ताव था। कई भारतीय वकीलों को डर था कि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होगी।

## सैर-सपाटा

# महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ महाकालेश्वर और केदारनाथ यात्रा की पूरी जानकारी



**साल 2025 में महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जा रही है। ये दिन भगवान शिव के भक्तों के लिए काफी खास है क्योंकि इस दिन वह प्रार्थना और भक्ति करने के लिए भारत के अलग-अलग मंदिरों में जाते हैं। भगवान शिव के भारत में अलग-अलग मंदिर हैं और सभी बड़े मंदिरों का इतिहास भी खास है। ऐसे में महाशिवरात्रि के खास मौके पर जानिए काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर और केदारनाथ यात्रा की पूरी जानकारी-**

### काशी विश्वनाथ

काशी विश्वनाथ मंदिर सबसे फेमस हिंदू मंदिरों में से एक है। ये प्राचीन मंदिर वाराणसी में गंगा किनारे पर है। इस मंदिर में बाबा विश्वनाथ की पूजा की जाती है जिन्हें ब्रह्मांड का देवता भी कहते हैं। ये 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जो भोलेनाश के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। यह दुनिया का इकलौता ज्योर्तिलिंग हैं जहां शिव और शक्ति एक साथ बसते हैं। वाराणसी देश के सभी शहरों से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। आप काशी ट्रेन, बस या फ्लाइट से आसानी से पहुंच सकते हैं। मंदिर से वाराणसी सिटी स्टेशन की दूरी दो किमी है। जबकि वाराणसी जंक्शन की दूरी करीब 6 किमी और बनारस रेलवे स्टेशन की दूरी चार किलोमीटर है और मुगल सराय रेलवे स्टेशन मंदिर से 17 किमी की दूरी पर है। वहीं फ्लाइट से आ रहे हैं तो बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर पहुंच जाएं। यहां से मंदिर की दूरी 20 से 25 किमी की है। ऐसे में यहां पहुंचने के कई साधन हैं। काशी शहर के किसी भी हिस्से से गोदौलिया के लिए टैक्सी, ई रिक्शा, ऑटोरिक्शा आराम से मिल जाएगा। गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट की तरफ बढ़ने पर सिंहद्वार है जो ढुंढिराज गणेश की तरफ से मंदिर में पहुंचता है।

### केदारनाथ

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित सबसे फेमस मंदिरों में से एक केदारनाथ धाम हिमालय की चोटी और बर्फ से ढकी पहाड़ियों के बीच बसा है। इस मंदिर के दर्शन के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। केदारनाथ मंदिर भी बारह ज्योतिर्लिंग में से एक है। केदारनाथ मंदिर 85 फीट ऊंचा, 187 फीट लंबा और 80 फीट चौड़ा है । इसकी दीवारें 12 फीट मोटी है और बेहद मजबूत पत्थरों से बनाई गई है। इस मंदिर के दर्शन के लिए लोगों को एक तय समय का इंतजार करना पड़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि मंदिर के पास भारी बर्फबारी होती है जिससे यहां पर जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए मंदिर छह महीने के लिए बंद किया जाता है। केदारनाथ मंदिर के खोलने और बंद करने का मुहूर्त निकाला जाता है। इस साल मंदिर 2 मई को खुलेगा।

### महाकालेश्वर

महाकालेश्वर मंदिर भारत के मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन शहर में स्थित एक फेमस हिन्दू मंदिर है। जो भगवान शिव को समर्पित है और ये 12 ज्योतिर्लिंगों में एक है। इस मंदिर के शिवलिंग को स्वयंभू माना जाता है। कहा ये भी जाता है कि यह पृथ्वी का केंद्र है। महाशिवरात्रि आने से 9 दिन पहले से ही महाकाल को दूल्हे की तरह सजाया जाता है और एक एक दिन एक एक रस्म रिवाज निभाई जाती है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर इस मंदिर के दर्शन करने बहुत लोगों की भीड़ पहुंचती है। आप इस मंदिर में बस, ट्रेन या फ्लाइट से आसानी से पहुंच सकते हैं। ट्रेन से जाना पसंद है तो उज्जैन स्टेशन तक की टिकट कराएं। उज्जैन लगभग देश के सभी बड़े शहरों के रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। इसके अलावा फ्लाइट से जाना है तो सबसे नजदीकी एयरपोर्ट इंदौर में है जो उज्जैन से 58 किलोमीटर की दूरी पर है।

New Delhi

# सावधान! फिर बदलेगा मौसम, जम्मू से लेकर यूपी तक होगी बारिश और बर्फबारी, आईएमडी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। गुजराती ठंड अपने साथ बारिश लेकर आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के मुताबिक, ताजा पश्चिमी विक्षोभ 25-28 फरवरी के बीच अपना असर दिखाएगा। इसके चलते जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बरसात होगी। गरज और बिजली गिरने की भी संभावना है। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर बर्फबारी हो सकती है। 26 फरवरी से लेकर 1 मार्च के बीच पंजाब और हरियाणा में छिटपुट से लेकर मध्यम बारिश की संभावना है। 27 फरवरी-1 मार्च के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और



राजस्थान में बदरा बरस सकते हैं। 24 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में मौसम बदलेगा। आज कुछ जगहों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट पहले ही जारी कर दिया है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को सुबह के वक्त हल्का कोहरा छाया हुआ है। इससे यातायात प्रभावित हुआ और बीते दिनों हुई बारिश के चलते ठंड भी कुछ बढ़ी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से 1.2 डिग्री अधिक है।

Uttarpradesh

## बैरिकेडिंग के चलते अस्पताल पहुंचने में हुई देर, अयोध्या के बीजेपी नेता ने रास्ते में ही तोड़ा दम

**लखनऊ, (एजेंसी) अयोध्या के स्थानीय बीजेपी नेता डॉ. बीडी द्विवेदी का शनिवार को अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में निधन हो गया. परिवार के अनुसार, उन्हें अस्पताल ले जाने के दौरान कई बैरिकेड्स के कारण रास्ते में काफी देर हो गई, जिससे समय पर इलाज न मिलने की वजह से उनकी मृत्यु हो गई.**

बीजेपी नेता के बेटे राहुल द्विवेदी ने कहा, 'हमें बैरिकेड्स पार करने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा. मेरे पिता की मौत समय पर अस्पताल न पहुंच पाने की वजह से हुई. हमें अस्पताल पहुंचने में दो घंटे लग गए. हम एंबुलेंस बुलाने की स्थिति में भी नहीं थे क्योंकि एंबुलेंस को भी आने में एक से दो घंटे लग रहे थे.'

अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि मेडिकल इमरजेंसी स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही है. परिवार और रिश्तेदारों के अनुसार, 62 वर्षीय डॉ. बीडी द्विवेदी को शनिवार सुबह अचानक सीने में दर्द और असहजता महसूस हुई. उनकी पत्नी, बेटा और ड्राइवर उन्हें स्थानीय श्रीराम अस्पताल ले जाने के लिए निकले लेकिन देवकाली बैरियर पर उनकी गाड़ी रोक दी गई.

परिवार के सदस्यों ने वहां मौजूद इंस्पेक्टर और पुलिस अधिकारियों से बैरियर खोलने की गुहार लगाई और थाना प्रभारी व एसएसपी को भी फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. करीब एक घंटे 15 मिनट बाद बैरियर खोला गया, लेकिन आगे भी कई बैरिकेड्स होने के कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी. राम पथ के रास्ते होते हुए परिवार उदय चौक तक पहुंचा, लेकिन वहां भी उन्हें रोका गया.

Bihar

## पटना में भीषण सड़क हादसा, टेम्पो-ट्रक की भिड़ंत में 9 लोगों की मौत

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को बड़ा हादसा हो गया. जहां एक टेम्पो और ट्रक की टक्कर हो गई. जिससे 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा इतना भयानक था कि टक्कर की आवाज लोगों को घरों में सुनाई दी. जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी.

वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात मसौढ़ी इलाके में नूरा पुल के पास हुई.

मसौढ़ी थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) विजय कुमार ने कहा कि 'नूरा पुल के पास टेम्पो और ट्रक के बीच टक्कर की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. टक्कर रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई. जिससे टेम्पो में सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

एसएचओ ने बताया कि पीड़ितों की पहचान की जा रही है. हालांकि अभी ट्रक चालक की गिरफ्तारी नहीं हुई है. फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और एक्सीडेंट के वजहों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है.

Jharkhand

## झारखंड के खूंटी में शादी से लौट रही 5 बच्चियों का किडनैप, तीन के साथ गैंगरेप; ऐसे बची एक मासूम

**खूंटी, (एजेंसी)** झारखंड के खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक शर्मनाक वारदात हुई। खूंटी से एक शादी समारोह से लौट रही पांच बच्चियों को 10-12 युवकों ने अगवा कर लिया। उसके बाद पहाड़ी पर ले जाकर उनमें से तीन के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रविवार को मामला पुलिस के पास पहुंचा। यहां पीड़िताओं ने बयान दर्ज कराया। पुलिस 10-12 लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पीड़िताओं ने पुलिस को बताया कि 21 फरवरी की रात पांचों सहेलियां एक शादी समारोह से घर लौट रही थीं। उसी दौरान 10-12 लड़के पीछा करते हुए उनके पास आए और छेड़छाड़ करते हुए जंगलनुमा पहाड़ी की ओर ले जाने लगे। इनमें से एक बच्ची एक दरिंदे के हाथ को दांत से काट भाग निकली। हैवान बाकी चारों लड़कियों को साथ ले गए।

पुलिस को दिए बयान में 10 साल की एक पीड़िता ने बताया कि उसके साथ तीन दरिंदों ने दुष्कर्म किया। वहीं एक ने बताया कि उसके साथ तीन ने दुष्कर्म किया। एसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि पुलिस 10-12 लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सभी आरोपी जल्द पकड़ लिए जाएंगे।

खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात शादी समारोह से लौट रही पांच बच्चियों को 10-12 युवकों ने अगवा कर लिया। उनमें से तीन के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब दरिंदे बच्चियों को पकड़कर जंगलनुमा पहाड़ी पर ले जा रहे थे, तब एक बच्ची एक दरिंदे के हाथ को दांत से काटकर भाग निकली। इसके बाद वह भागकर गांव पहुंची और मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी।

खेल

# भारत ने पाकिस्तान से लिया 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में हार का बदला, सेमीफाइनल में भी बनाई जगह

दुबई। भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। 43वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन और कोहली को शतक के लिए पांच रन चाहिए थे। 43वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने एक रन लिया। फिर अगली गेंद पर अक्षर ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर विराट ने चौका लगाकर शतक भी पूरा किया और भारत को जीत भी दिलाई।



भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अब दो मैच जीत लिए हैं और सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं, पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। उसे अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। भारत के दो मैचों के बाद चार अंक हैं, जबकि पाकिस्तान दो मैचों में खाता नहीं खोल सका है। अब पाकिस्तान का एकमात्र मैच बांग्लादेश के खिलाफ है। वहीं, सोमवार को न्यूजीलैंड का सामना बांग्लादेश से है। अगर कीवी टीम यह मैच जीतती है, तो बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों बाहर हो जाएंगे।

भारत की पारी- 242 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। रोहित आक्रामक खेलने की कोशिश में शाहीन अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। वह 15 गेंद पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी निभाई। गिल अर्धशतक से चूक गए। वह 52 गेंद में सात चौके की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद कोहली के साथ भारत को जीत तक ले जाने की जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर ने संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी निभाई। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कोहली ने अक्षर के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई।

पाकिस्तान की पारी- इससे पहले पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारत ने वनडे में लगातार पांचवें मैच में विपक्षी टीम को 50 ओवर के अंदर ऑलआउट किया है। भारत की ओर से कुलदीप ने सबसे ज्यादा तीन और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को बाबर आजम और इमाम उल हक ने सधी हुई शुरुआत दिलाई।

सिनेमा

## जैस्मिन ने हार्दिक पांड्या को दीं फ्लाइंग किस, भारत-पाक मैच के दौरान का वीडियो वायरल



सिंगर-एक्ट्रेस जैस्मिन वालिया का नाम बीते कुछ वक्त से क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 ने इन खबरों को और भी ज्यादा बज दिया है। दुबई में खेले गए भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान फैंस ने कुछ ऐसा नोटिस किया जिसके बाद अब हार्दिक पांड्या और जैस्मिन वालिया का रिलेशनशिप में होना कन्फर्म बताया जा रहा है। दरअसल जैस्मिन वालिया भारत-पाक मैच के दौरान स्टैंड्स से क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को फ्लाइंग किस देती नजर आईं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल है और इसे हर कोई अपनी नजर से देख रहा है। हालांकि दोनों ही सिलेब्स ने अभी इस मामले पर चुप्पी साधी हुई है। लेकिन फैंस ने सोशल मीडिया पर दोनों का नाम मिलाकर हैशटैग भी बनाने शुरू कर दिए हैं। पिछले साल जैस्मिन वालिया की एक तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हुई थी जिसके आधार पर लोगों ने कहा कि वह हार्दिक के साथ वेकेशन पर गई हैं, लेकिन उनके साथ तस्वीर पोस्ट करने में कतरा रही हैं। पिछले साल अगस्त में ग्रीस से वायरल हुई इन तस्वीरों ने हार्दिक और जैस्मिन के रिलेशनशिप में होने की खबरों को और भी ज्यादा बल दिया।

## Highlights

1. **Injured boy claims uncle killed his mother, aunt, cousin in Kolkata triple murder case**
2. **Jaishankar, envoys of 45 nations take elephant safari in Kaziranga**
3. **PM comes to Bihar to make false promises: Tejashwi on PM's visit**
4. **After PM's nomination, Omar nominates Deepika Padukone & 9 others for 'reduce oil' challenge**
5. **Survival chances of 8 trapped in T'gana tunnel very remote: Minister**

# PM Kisan: 19th instalment to be issued today. See eligibility, eKYC Process, beneficiary list

**NEW DEIHI, (Agency).** The upcoming 19th instalment of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) scheme will be issued on Monday to eligible farmer households.

Prime Minister Narendra Modi will visit Bhagalpur today, where he will release the 19th instalment of Kisan Samman Nidhi.

So far, the scheme has benefited more than 11 crore farmers through 18 installments. A total of 9.58 crore farmers received benefits in the previous installment.

What is the PM Kisan scheme?

Land-holding agriculture-practising families will receive income support of ₹6,000 per year, distributed in three equal installments.

Each of these installments of Rs. 2,000 will be given every 4 months directly to the bank accounts of the beneficiaries.

Eligible family members include the husband, wife,



and minor children.

How to check PM Kisan beneficiary status

To check the beneficiary status, go to the official PM Kisan website, enter the Beneficiary Status page, click on "Beneficiary Status," enter your Aadhaar number or account number, and click on "Get Data" to view the beneficiary status.

eKYC required

All the PM Kisan registered farmers must complete their eKYC process.

The three modes of eKYC available to farmers in the PM Kisan scheme are the OTP-based e-KYC (accessible through the PM-Kisan Portal and Mobile App), the biometric-based e-KYC (available at Common Service Centres (CSCs) and State Seva Kendra (SSKs)), and Face authentication-based e-KYC (available on the PM Kisan Mobile App used by millions of farmers).

Who is not eligible for the PM Kisan scheme?

Institutional landholders include farmer families who fall into the category of former or present holders of constitutional posts, former or present Ministers/State Ministers, former or present Members of Lok Sabha/Rajya Sabha/State Legislative Assemblies/State Legislative Councils, former or present Mayors of Municipal Corporations, former or present Chairpersons of District Panchayats are not eligible.

# Building on advantages of GaN are UltraProLink's uniquely versatile chargers

**NEW DEIHI, (Agency).** In the last year and a bit more, we've seen a significant transformation in the approach to an otherwise unexciting activity of charging phones, tablets, laptops and everything else that needs charging. The basis for that has been gallium nitride, or GaN as a technology to drive the need for faster and faster charging speeds that neither damage the charger (heating can be an issue with speedy power delivery) or the receiving device's battery. Yet, as is often the case, not




all new-age GaN chargers are equals. The reason for writing this, is the uniqueness of form factors and thereby utility, that Indian tech company UltraProLink has been able to design.

An uncomplicated explanation of what GaN is, and why it is important, will provide some context. GaN, or Gallium Nitride (that's gallium and nitrogen), is a semiconductor material that has gained popularity as an alternative to silicon in various applications such as high-speed power delivery such as fast charging adapters. The advantages over silicon include this material requires a smaller and lighter footprint, does less heat generation and therefore an ability to hold efficiency for longer. GaN is also used in 5G network equipment, in autonomous driving systems which are becoming increasingly prevalent in modern vehicles and also satellites. They've been around for a while. Remember the Blu-ray disc players from a few years ago?

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

www.babapandit.com

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक